# मुख्य विशेषताएं- मार्च 2021

- सीएमडी ,एनएचपीसी ने शिमला में 23.03.2021 को श्री जय राम ठाकुर, माननीय मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश से मुलाकात की । माननीय मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश में एनएचपीसी की जलविद्युत परियोजनाओं, विशेष रूप से 800 मेगावाट पार्बती-।। जलविद्युत परियोजना की स्थिति एवं प्रगति एवं 500 मेगावाट की डुगर जलविद्युत परियोजना में कार्य शीघ्र शुरू कराने के बारे में गहरी रूचिली । उन्होंने 180 मेगावाट की बैरा-स्यूल पावर स्टेशन के नवीनीकरण के कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया है ।
- सीएमडी ,एनएचपीसी ने श्री अनिल कुमार खाची, मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश से भी मुलाकात की और उन्हें हिमाचल प्रदेश में एनएचपीसी की विभिन्न परियोजनाओं में निर्माण संबंधी गतिविधियों के प्रगति के बारे में जानकारी दी ।
- सीएमडी ,एनएचपीसी ने 20.03.2021 को श्री प्रेम सिंह तमांग, माननीय मुख्यमंत्री, से मुलाक़ात कर सिक्किम राज्य में एनएचपीसी की विभिन्न परियोजनाओं में हाल ही में हुए विकास के बारे में संक्षिप्त विवरण दिया । इस बैठक के दौरान 520 मेगावाट तीस्ता-IV, 120 मेगावाट रंगित-IV और 500 मेगावाट तीस्ता-VI से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की ।
- सीएमडी ,एनएचपीसी ने 02.03.2021 को सिक्किम में जलविद्युत परियोजना के विकास के लिए श्री एस.सी.गुप्ता, मुख्य सचिव और श्री जी.पी.उपाध्याय, अपर मुख्य सचिव, सिक्किम से चर्चा की ।
- सीएमडी ,एनएचपीसी ने ने 07.03.2021 को नई दिल्ली में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू व कश्मीर के माननीय उप राज्यपाल श्री मनोज सिंह सिन्हा से मुलाकात की । इस बैठक के दौरान माननीय उप राज्यपाल को जम्मू व कश्मीर में जलविद्युत विकास के लिए अपनी कार्य योजना से अवगत कराया।
- मार्च, 2021 में एनएचपीसी ने 05.03.2021 को वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए भारत सरकार को 890.85 करोड़ रूपए का आंतरिम लाभांश का भुगतान किया ।
- भारत सरकार ने 30.03.2021 को मेसर्स जल पावर कारपोरेशन लिमिटेड (जेपीसीएल) के अधिग्रहण के लिए निवेश और एनएचपीसी द्वारा 120 मेगावाट की रंगित-IV जलविद्युत परियोजना के शेष कार्यों के निर्माण की मंजूरी दे दी है । इस परियोजना को सौंपने / अधिग्रहण करने की प्रक्रिया 31.03.2021 को शुरू की गई ।
- चुटक पावर स्टेशन दिनांक 30.03.2021 को युनाइटेड नेशंस फ्रेमवर्क कन्वेन्शन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) के स्वच्छ विकास तंत्र (सीडीएम) के तहत प्रमाणित की गई एनएचपीसी की पहली पावर स्टेशन बनी।
- एनएचपीसी की संयुक्त उद्यम कंपनी सीवीपीपीपीएल द्वारा निष्पादित की जा रही 624 मेगावाट कीरू जलविद्युत परियोजना की डायवर्जन टनल का 01.03.2021 को सफलतापूर्वक डे लाइटिंग कर लिया गया है।

- पार्बती जलविद्युत परियोजना में 159 मीटर एचआरटी उत्खनन मार्च माह में किया गया जो प्रशंसनीय उपलब्धि है। सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना में टीम ने भी अच्छा कार्य निष्पादन करते हुए इस माह के दौरान बांध संरचना के लिए लगभग 45800 क्यूमेक कंक्रीटिंग की गई।
- पहली बार, हमारी महिला कार्मिकों की तकनीकी क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए 8 मार्च, 2021 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 300 मेगावाट चमेरा-।। पावर स्टेशन को संचालित करने के लिए एक महिला टीम को तैनात किया गया। इस टीम ने बाधा रहित पावर स्टेशन को सफलतापूर्वक संचालित किया।
- विद्युत मंत्रालय के तत्वावधान में दिल्ली एनसीआर स्थित संगठनों के बीच पावर कप 2021, टी -20 क्रिकेट टूर्नामेंट 21.03.2021 को संपन्न हुआ, जिसमें पावर ग्रिड विजेता बना। एनएचपीसी को नोडल सीपीएसयू के रूप में इस कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।
- केंद्रशासित प्रदेश जम्मू व कश्मीर में चिनाब नदी पर 930 मेगावाट की किरथई - II जलविद्युत परियोजना के लिए सीवीपीपीएल को परामर्श सेवाएं प्रदान करने के लिए 19.03.2021 को एनएचपीसी और सीवीपीपीएल के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।
- एनएचपीसी अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (हरियाणा स्टेट ब्रांच), फरीदाबाद को 250 एलपीएच आरओ वाटर सिस्टम प्रदान किया और इसका उद्घाटन 11.03.2021 को फरीदाबाद में श्रीमती सुधा सिंह, अध्यक्षा, एनएचपीसी महिला कल्याण संघ द्वारा किया गया।
- मार्च 2021 के महीने के दौरान, लाभार्थियों से 1754 करोड़ रूपए प्राप्त किए गए और वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए कुल संग्रह 10114 करोड़ रुपए (पॉवर ट्रेडिंग से संग्रह सहित) रहा है। यह अब तक का सबसे अधिक वार्षिक संग्रह है और यह हमारी वाणिज्यिक टीम द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की गवाही है।
- एनएचपीसी की ब्रिज टीम ने एसजेवीएन द्वारा आयोजित इंटर सीपीएसयू ब्रिज टूर्नामेंट में पोडियम स्थान हासिल किया।
- श्री राकेश कुमार, सहायक प्रोग्रामर (आईटी एंड सी) ने बेंगलुरु, कर्नाटक में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2021 में जैवलिन थ्रो इवेंट में शानदार प्रदर्शन किया। श्री राकेश कुमार दिल्ली टीम के सदस्य थे, जिन्होनें चैम्पियनशिप में रनर अप ट्रॉफी प्राप्त किया।
- श्री हिमांशु साहा, महाप्रबंधक (विद्युत) के पुत्र श्री देबजीत साहा ने पटना में आयोजित 17वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक चैम्पियनशिप-2021 (सेरेब्रल पाल्सी के लिए) के दौरान 3 पदक जीते, जिसमें 1 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक शामिल थे।
- एनएचपीसी एलीट स्पोर्ट्स स्कॉलर, श्री ऋषि राज राठौर ने 19वीं राष्ट्रीय पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2021 के दौरान एफ37 श्रेणी में 45.06 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल जीता। हमारे एक और

'एनएचपीसी एलीट स्पोर्ट्स स्कॉलर' श्री नवदीप ने इसी चैम्पियनशिप के दौरान एफ41 श्रेणी में जेवलिन थ्रो में गोल्ड पदक जीता ।

- वित्त वर्ष 2020-21 के अंत तक एनएचपीसी की सभी पावर स्टेशनों की कुल संचयी विद्युत उत्पादन 24471 मिलियन यूनिट है।

## मुख्य विशेषताएँ फरवरी 2021 के माह की

- 31.12.20 को समाप्त हुई तिमाही के लिए एनएचपीसी का एकल शुद्ध लाभ 100% बढ़कर 808 करोड़ रुपए हो गया है जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तीसरी तिमाही के दौरान शुद्ध लाभ 404 करोड़ रुपए था । 31.12.2020 को समाप्त हुए 9 माह का शुद्ध लाभ 8% बढ़कर 2829 करोड़ रुपए हो गया जबकि 31.12.19 को समाप्त हुए 9 माह का शुद्ध लाभ 2624 करोड़ रुपए था ।
- सीएमडी, एनएचपीसी ने श्री राधा कृष्ण माथुर, माननीय उपराज्यपाल, केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख से दिनांक 15.02.21 को लद्दाख भवन, नई दिल्ली में मुलाक़ात की । माननीय उपराज्यपाल को कारगिल, लेह में एनएचपीसी पावर स्टेशनों से संबंधित नवीनतम विकास संबंधी गतिविधियों एवं मुद्दों के बारे में अवगत कराया गया और लद्दाख में जलविद्युत और सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास पर चर्चा की गई ।
- राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए दिनांक 24.02.2021 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया । डॉ कुमार विश्वास सहित सुप्रसिद्ध कवियों ने अपनी सबसे अविस्मरणीय रचनाओं का पाठ करके श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया ।
- वसंत उत्सव 2021 को एनएचपीसी आवासीय कॉलोनी, फरीदाबाद के मैदान में दिनांक 13.02.21 को बड़े जोश और उमंग के साथ मनाया गया । एनएचपीसी के पावर स्टेशनों और परियोजनाओं ने वसंत उत्सव में सक्रिय रूप से भाग लिया । वसंत उत्सव 2021 में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध निज़ामी बंधु समूह द्वारा प्रस्तुति दी गई ।
- विद्युत मंत्रालय के तत्वाधान में दिल्ली एनसीआर स्थित संगठनों के बीच एक टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट- पावर कप 2021 का उद्घाटन दिनांक 20.02.2021 को श्री आलोक कुमार, सचिव (विद्युत) द्वारा किया गया । एनएचपीसी इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए एक नोडल सीपीएसयू है जिसे यह जिम्मेदारी सौंपी गई है ।
- बीबीएमबी और आरईसी द्वारा आयोजित क्रमश: इंटर सीपीएसयू बैडमिंटन और कैरम टीमों टूर्नामेंट में एनएचपीसी की बैडमिंटन और कैरम टीमों ने पुरस्कार प्राप्त किए ।
- फरवरी 2021 माह के दौरान, लाभार्थियों से 778 करोड़ रुपए प्राप्त किए गए और फरवरी 2021 तक कुल राजस्व संग्रह 7857 करोड़ रूपए है । कोविड-19 की परिस्थितियों के बावजूद, लाभार्थियों से कुल राजस्व संग्रह पिछले वित्त वर्ष की इसी समान अवधि के लिए प्राप्त 7306 करोड़ रूपए के संग्रह को पार कर गया है।

- फरवारी 2021 के माह् तक, एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का समेकित विद्युत उत्पादन 23172 मिलियन यूनिट है।

## मुख्य विशेषताएँ जनवरी 2021 के माह् की

- 4134 मेगावाट की कुल संस्थापित क्षमता वाली 5 परियोजनाओं के निष्पादन के लिए 03.01.2021 को जेकेएसपीडीसी के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इन 5 परियोजनाओं में से, 1856 मेगावाट सावलकोट, 240 मेगावाट उड़ी-1 (चरण-II) और 258 मेगावाट दुलहस्ती (चरण -II) परियोजनाएं एनएचपीसी द्वारा कार्यान्वित की जाएंगी, जबकि 930 मेगावाट किरथई -II को सीवीपीपीपीएल द्वारा विकसित किया जाना है और एनएचपीसी एवं जेकेएसपीडीसी के बीच संयुक्त उद्यम द्वारा 850 मेगावॉट की रतले जलविद्युत परियोजना का निर्माण किया जा रहा है।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 20.01.2021 को 850 मेगावाट की रतले जलविद्युत (एचई) परियोजना के कार्यान्वयन के लिए 5281.94 करोड़ रूपए का निवेश अनुमोदन को मंजूरी प्रदान की है।
- जल पावर कारपोरेशन लिमिटेड (जेपीसीएल) की 120 मेगावाट की रंगित-IV जलविद्युत परियोजना के अधिग्रहण के लिए अनुमोदित संकल्प योजना के कार्यान्वयन हेतु अंतिम करार पर 13.01.2021 को हस्ताक्षर किए।
- सीएमडी ने दिनांक 02.01.2021 को नई दिल्ली में माननीय अध्यक्ष, संसदीय लोक लेखा समिति (पीएसी), संसद सदस्य (लोकसभा) श्री अधीर रंजन चौधरी से मुलाकात की। माननीय सांसद ने देश में जलविद्युत के विकास में एनएचपीसी द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।
- सीएमडी ने दिनांक 02.01.2021 को नई दिल्ली में श्री राजीव रंजन सिंह (ललन), माननीय अध्यक्ष, ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति, संसद सदस्य (लोकसभा) से मुलाक़ात कर एनएचपीसी की नवीनतम गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।
- सिक्किम स्थित एनएचपीसी परियोजनाओं की यात्रा के दौरान दिनांक 22.01.2021 को सीएमडी ने श्री सोनम लामा, माननीय ग्रामीण प्रबंधन व विकास मंत्री, सिक्किम सरकार को 520 मेगावाट की तीस्ता-IV जलविद्युत परियोजना से संबंधित विभिन्न लंबित मुद्दों के बारे में अवगत कराया। माननीय मंत्रीजी को सिक्किम में अन्य एनएचपीसी परियोजनाओं की नवीनतम स्थिति पर भी अद्यतन जानकारी प्रदान की गई, जिसमें 500 मेगावाट की तीस्ता- VI परियोजना शामिल है। माननीय मंत्रीजी ने इन परियोजनाओं को कार्यान्वित करने में एनएचपीसी को सिक्किम सरकार के निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया है।
- एनएचपीसी लिमिटेड को अपने लाभार्थियों से विलंब से प्राप्त भुगतान प्रभार की राशि पर सेवा-कर लगाने से संबंधित मामले में अपर महानिदेशक (एडजुडिकेशन), गुड्स एंड सर्विस टैक्स, नई दिल्ली से अनुकूल आदेश प्राप्त हुआ है।

- एनएचपीसी ने विद्युत मंत्रालय और पावर सीपीएसयू टीम के बीच एक दोस्ताना क्रिकेट मैच का आयोजन किया। श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), विद्युत मंत्रालय, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और राज्य मंत्री, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे।
- एनएचपीसी के निगम मुख्यालय में 14 जनवरी 2021 को पर्यावरण और विविधता प्रबंधन विभाग द्वारा 'रिमोट सेंसिंग और जीआईएस लेबोरेटरी' की स्थापना की गई।
- एनएचपीसी को वर्ष 2019-20 के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित आईसीएआई पुरस्कारों में 'सिल्वर शील्ड' से सम्मानित किया गया। एनएचपीसी को 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए अपनी वार्षिक रिपोर्ट एवं वित्तीय विवरण के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं की श्रेणी में यह पुरस्कार मिला है।
- एनएचपीसी लिमिटेड और इंडियन रिन्युबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी लिमिटेड (आईआरईडीए) के बीच 08.01.2021 को देश में नवीकरणीय ऊर्जा में एनएचपीसी के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- जनवरी महीने के दौरान, लाभार्थियों से कुल राजस्व संग्रह 469 करोड़ रुपए हुआ।
- जनवरी, 2021 के महीने तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों से संचयी विद्युत उत्पादन 22386 मिलियन यूनिट रहा है।

## मुख्य विशेषताएँ दिसंबर 2020 के माह की

- विद्युत मंत्रालय ने 28.12.2020 को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू व कश्मीर में स्थित 930 मेगावाट की किरथई- II, 240 मेगावाट उड़ी- I (चरण- II), 258 मेगावाट की दुलहस्ती चरण- II और 1856 मेगावाट की सावलकोट जलविद्युत परियोजनाओं के निष्पादन के प्रस्ताव पर अनुमति प्रदान की है। इस संबंध में 3 जनवरी 2021 को एमओयू में हस्ताक्षर किए गए।
- सचिव (विद्युत), भारत सरकार, श्री संजीव नंदन सहाय ने 04.12.2020 को सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना का दौरा किया और चल रही निर्माण गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की। सचिव (विद्युत) के साथ श्री नरेश कुमार, मुख्य सचिव, अरुणाचल प्रदेश सरकार, श्री तन्मय कुमार, संयुक्त सचिव (हाइड्रो) और अन्य वरिष्ठ अधिकारी थे। सचिव (विद्युत) ने चल रही निर्माण गतिविधियों में गहरी रुचि ली एवं परियोजना की प्रगति की सराहना की और मार्च 2022 तक इसको शुरू करने के लिए प्रेरित किया।
- सीएमडी,एनएचपीसी ने अरुणाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडू से 04.12.2020 को ईटानगर में मुलाक़ात कर राज्य में जलविद्युत के विकास में एनएचपीसी की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। माननीय मुख्यमंत्री को 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर परियोजना और 2880 मेगावाट की दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न मुद्दों की स्थिति के बारे में अवगत कराया। माननीय मुख्यमंत्री ने

अरुणाचल प्रदेश की जलविद्युत क्षमता के दोहन की दिशा में एनएचपीसी के प्रयासों की सराहना की और सरकार द्वारा पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया ।

- सीएमडी, एनएचपीसी श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, माननीय मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार से 20 दिसंबर, 2020 को नई दिल्ली में मुलाकात की । माननीय मंत्री को कोटली भेल, बरसर, गरवा तवा और दग्मारा जलविद्युत परियोजनाओं से संबंधित मुद्दों के बारे में जानकारी दी गई । माननीय मंत्री ने एनएचपीसी के प्रयासों की सराहना की ।
- सीएमडी,एनएचपीसी निदेशक (तकनीकी) के साथ 24 दिसंबर, 2020 को मणिपुर के माननीय मुख्यमंत्री से इम्फाल में मुलाक़ात की । माननीय मुख्यमंत्री को आगामी 66 मेगावाट की लोकतक डाउनस्ट्रीम जलविद्युत परियोजना की स्थिति के बारे में जानकारी दी गई । माननीय मुख्यमंत्री ने परियोजना की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया और मणिपुर को विद्युत उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए एनएचपीसी को अभियान का हिस्सा बनने के लिए कहा ।
- डॉ. जितेंद्र सिंह, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय, राज्य मंत्री, प्रधानमंत्री कार्यालय, राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत व पेंशन मंत्रालय, राज्य मंत्री, परमाणु ऊर्जा विभाग और राज्य मंत्री, अंतरिक्ष विभाग ने 21 दिसंबर 2020 को जम्मू व कश्मीर में जलविद्युत विकास के लिए एनएचपीसी की योजनाओं पर चर्चा करने के लिए एक बैठक आयोजित की । माननीय मंत्री को रतले परियोजना को सीसीईए की मंजूरी और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू व कश्मीर में एनएचपीसी द्वारा ली जा रही अन्य परियोजनाओं की स्थिति के बारे में अवगत कराया ।
- दो दिवसीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 22 से 23 दिसंबर, 2020 तक आयोजन किया गया । डॉ सुमीत जैरथ, सचिव (राजभाषा), भारत सरकार इस सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे । इस अवसर पर एक पुस्तिका ' एनएचपीसी- हरित प्रयासों से सतत जलविद्युत विकास' का विमोचन भी किया गया ।
- एनएचपीसी के अधिकारियों की एक टीम ने श्री विजेंद्र प्रसाद यादव, माननीय ऊर्जा मंत्री, बिहार सरकार से मुलाकात की । टीम ने 126 मेगावाट की डगमारा परियोजना के निष्पादन के लिए सुपौल, बिहार में कार्यस्थल का निरीक्षण किया ।
- एनएचपीसी को 23 दिसंबर 2020 को आरईपीए (रिन्यूएबल एनर्जी प्रमोशन एसोसिएशन) और एनर्शिया फाउंडेशन द्वारा स्थापित प्रकाशमय 13 वें एनर्शिया अवाड्र्स 2020 के तहत हाइड्रो पावर और रिन्यूएबल सेक्टर में उत्कृष्टता के लिए 'बेस्ट परफॉर्मिंग पीएसई' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- दिसंबर माह के दौरान लाभार्थियों से कुल राजस्व संग्रह 1235 करोड़ रुपए है।
- दिसंबर 2020 तक, एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल समेकित विद्युत उत्पादन 21489 मिलियन यूनिट है।

## मुख्य विशेषताएँ नवंबर 2020 के माह की

- एनएचपीसी का 46वां स्थापना दिवस सभी कार्य स्थलों पर मनाया गया। श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और राज्य मंत्री, कौशल विकास एवं उद्यमिता, भारत सरकार निगम मुख्यालय में आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल होकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।
- एनएचपीसी स्थापना दिवस के अवसर पर, एनएचपीसी परिवार ने एक साथ आकर एनएचपीसी के सभी कार्यस्थलों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन करके 800 यूनिट रक्त दान किया।
- चमेरा- II पावर स्टेशन की यूनिट- II को पुनः चालू कर दिया गया है और ग्रिड के साथ सफलतापूर्वक सिंक्रनाइज़ कर लिया गया है। यूनिट- I को अक्तूबर में पुनः चालू किया गया था। पिछले वर्ष आग लगने की घटना के कारण पावर स्टेशन की दोनों यूनिटों का प्रचालन नहीं हो रहा था। अपनी इन-हाउस दक्षताओं के माध्यम से एनएचपीसी ने कोविड-19 के प्रकोप से उत्पन्न कई चुनौतियों के बावजूद इस कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।
- एनएचपीसी ने समाप्त हुए तिमाही 30.09.2020 में 1298.50 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया।
- सतर्कता जागरूकता सप्ताह 27.10.2020 से 02.11.2020 तक संगठन के सभी स्थानों पर मनाया गया।
- नवंबर महीने के दौरान, लाभार्थियों से कुल राजस्व संग्रह 563.48 करोड़ रुपए रहा।
- नवंबर 2020 के महीने में एनएचपीसी की सभी पावर स्टेशनों से कुल संचयी विद्युत उत्पादन 20540.9 मिलियन यूनिट रहा है।
- संविधान दिवस 26 नवंबर 2020 को एनएचपीसी के सभी स्थानों पर मनाया गया।

## मुख्य विशेषताएँ अक्तूबर 2020 के माह की

- माननीय उप राज्यपाल, जम्मू व कश्मीर, संघ शासित प्रदेश द्वारा श्रीनगर के राजभवन में 11.10.2020 को एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें निर्माणाधीन परियोजनाओं की स्थिति के साथ-साथ एनएचपीसी के लिए नए व्यवसाय के संबंध में चर्चा भी की गई। एनएचपीसी को दुलहस्ती चरण- II (258 मेगावाट), उड़ी- I चरण- II (240 मेगावाट) और 1856 मेगावाट की सावलकोट जलविद्युत परियोजना आवंटित करने पर सहमति हुई है।
- रतले जल विद्युत परियोजना (850 मेगावाट) के निष्पादन के लिए एनएचपीसी और जेकेएसपीडीसी, जम्मू व कश्मीर सरकार के बीच संयुक्त उद्यम का गठन हेतु शीघ्र कार्यवाही और किरथई -II जलविद्युत परियोजना (930 मेगावाट) को एनएचपीसी और जेकेएसपीडीसी के बीच एक संयुक्त उद्यम द्वारा कार्यान्वयन किया जाएगा।
- माननीय सचिव (विद्युत), श्री संजीव नंदन सहाय और श्री तन्मय कुमार, संयुक्त सचिव (हाइड्रो) ने 28.10.2020 से 30.10.2020 तक सलाल पावर स्टेशन, दुलहस्ती पावर स्टेशन, पकल दुल, किरू और क्वार जलविद्युत परियोजनाओं का दौरा किया।

- सुबनसिरी लोअर परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सीएमडी महोदय ने माननीय मुख्यमंत्री, असम से दिनांक 21.10.2020 को गुवाहाटी में मुलाक़ात की। बैठक के दौरान, माननीय मुख्यमंत्री को सुबनसिरी लोअर परियोजना में चल रही निर्माण गतिविधियों, परियोजना द्वारा किए जा रहे परियोजना के डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में नदी तट संरक्षण उपायों और आजीविका हस्तक्षेप गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।
- चमेरा- II पावर स्टेशन की यूनिट -1 को 19.10.2020 को ग्रिड के साथ सफलतापूर्वक पुनः सिंक्रनाइज़ किया गया ।
- जम्मू-कश्मीर की ओर से देय बकाया राशि के पहले अंश का भुगतान जम्मू-कश्मीर संघ शासित प्रदेश ने कर दिया है । यह उल्लेखनीय है कि एनएचपीसी के इतिहास में पहली बार, लगातार दो महीनों (सितंबर और अक्तूबर) के लिए लाभार्थियों से 1000 करोड़ रूपए से ज्यादा की राशि वसूली गई है।
- बैरास्यूल पावर स्टेशन की दूसरी यूनिट का नवीकरण के बाद दिनांक 27.10.2020 को सफलतापूर्वक सिंक्रनाइज़ परीक्षण किया गया ।
- केरल में 50 मेगावाट की फ्लोटिंग सौर ऊर्जा परियोजना के लिए हमने 19 और 20 अक्तूबर को सफलतापूर्वक ई-आरए का संचालन किया गया ।
- अक्तूबर के महीने के दौरान, लाभार्थियों से कुल राजस्व संग्रह 1411 करोड़ रुपये (विचलन को छोड़कर) एवं 1436.80 करोड़ रुपये (विचलन सहित) था।
- अक्तूबर, 2020 तक सभी एनएचपीसी पावर स्टेशनों की कुल संचयी विद्युत उत्पादन 19500 मिलियन यूनिट हुआ है।

## मुख्य विशेषताएँ सितंबर 2020 के माह की

- वर्ष 2020-21 के लिए एनएचपीसी ने विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर एनएचपीसी ने 29.09.2020 को हस्ताक्षर किए।
- एनएचपीसी की 44वीं वार्षिक आम बैठक (AGM) का आयोजन 29.09.2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया था।
- नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने 17.09.2020 को उत्तर प्रदेश के जिला जालौन में सोलर पार्क स्कीम के तहत अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क (यूएमआरईपीपी) मोड के अंतर्गत बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड द्वारा 1200 मेगावाट के सोलर पावर पार्क के विकास के लिए "सैद्धांतिक मंजूरी" प्रदान कर दी।
- 30.09.2020 को पब्लिक इन्वेस्टमेंट बोर्ड ने 850 मेगावाट की रतले हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना को कार्यान्वित करने की सिफारिश की है। यह परियोजना एनएचपीसी और जम्मू एवं कश्मीर राज्य पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (JKSPDC)के संयुक्त उपक्रम द्वारा कार्यान्वित की जाएगी।
- सुबानसिरी लोअर परियोजना के पावर हाउस में कंक्रीटिंग कार्य, जो दिसंबर 2011 से रुका हुआ था, 23.09.2020 को पुन: शुरू हो गया है।

- श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा) और राज्य मंत्री (कौशल विकास और उद्यमिता) ने 16.09.2020 को भोजपुर जिले के शाहपुर और बिहिया ब्लॉक में एनएचपीसी और पीएफसी की सीएसआर गतिविधियों के तहत कार्यान्वित विभिन्न परियोजनाओं को समर्पित किया।
- एनएचपीसी लिमिटेड ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिनांक 10.09.2020 को सीएसआईआर-सीएसआईओ, चंडीगढ़ के साथ अनुसंधान एवं विकास के लिए समझौता करार (एमओए) पर हस्ताक्षर किए।
- वर्ष 2019-20 के लिए राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए गृह मंत्रालय द्वारा घोषित राजभाषा कीर्ति पुरस्कार के तहत एनएचपीसी विभिन्न श्रेणियों में तीन पुरस्कार प्राप्त करने में सफल रही।
- सितंबर महीने के दौरान, लाभार्थियों से कुल 1006 करोड़ रु. के राजस्व का संग्रह (विचलन को छोड़कर) हुआ।
- एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों से सितंबर, 2020 तक कुल 17722 मिलियन यूनिट संचयी विद्युत उत्पादन हुआ।
- वाणिज्यिक विभाग के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश से लंबे समय से लंबित रुपये 533 करोड़ के बकाया भुगतान को जारी करने के लिए अनुमोदन प्राप्त हुआ है।
- श्री आर पी गोयल ने एनएचपीसी के निदेशक (वित्त) का पदभार ग्रहण कर लिया है।

## मुख्य विशेषताएँ अगस्त 2020 के माह की

- 30 जून को समाप्त हुई तिमाही के वित्तीय परिणाम 31 अगस्त, 2020 को निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए हैं। इस तिमाही के लिए कंपनी का प्रचालन से राजस्व 2519 करोड़ रुपए है जबकि यह 30 जून,2019 को समाप्त हुई पिछली तदनुरूप तिमाही में 2421 करोड़ रुपए था। वर्तमान तिमाही में कर पश्चात लाभ 723 करोड़ रुपए है जबकि यह पिछली तदनुरूप तिमाही में 881 करोड़ था।
- एनएचपीसी 86 प्रशिक्षु इंजीनियर / प्रशिक्षु अधिकारियों की भर्ती करने जा रही है।
- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने माननीय केंद्रीय वित्त और कारपोरेट कार्य राज्य मंत्री, श्री अनुराग सिंह ठाकुर से 02.08.2020 को नई दिल्ली में मुलाकात की। बैठक के दौरान, हिमाचल प्रदेश में स्थित एनएचपीसी के परियोजना क्षेत्रों के उपयोग और उनके जलाशयों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की अवधारणा पर चर्चा की गई। देश में जलविद्युत विकास को गति देने के लिए कार्यनीतियों के संबंध में विचार-विमर्श किया। एनएचपीसी परियोजना क्षेत्रों के आसपास स्थानीय लोगों के कौशल विकास पर भी चर्चा की गई।
- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक 20.08.2020 को मणिपुर भवन, नई दिल्ली में मणिपुर के माननीय मुख्यमंत्री श्री एन. बीरेन सिंह से मिले। बैठक के दौरान, लोकतक डाउनस्ट्रीम जलविद्युत परियोजना (2X33 मेगावाट) के कार्यान्वयन के लिए विद्युत क्रय समझौता पर हस्ताक्षर करने और 400 करोड़ रुपए का अनुदान की व्यवस्था से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। मणिपुर सरकार के साथ 31.08.2020 को पीपीए पर हस्ताक्षर किए गए हैं।
- सीईआरसी द्वारा 800 मेगावाट की पार्बती- II जलविद्युत परियोजना को दिनांक 31.08.2021 तक ग्रिड में इंफ़र्म पावर के अंतक्षेपण के विस्तार की मंजूरी प्रदान की गई।

- भारत में कहीं भी स्थापित की जाने वाली 2000 मेगावाट (आईएसटीएस) ग्रिड संबद्ध सौर फोटो वोल्टिक परियोजनाओं के लिए आरएफ़एस के मामलें में, जेकेपीसीएल (जम्मू व कश्मीर) के साथ हस्ताक्षरित 300 मेगावाट और 1000 मेगावाट के लिए पीएसए एमपीपीएमसीएल (एमपी) के साथ दिनांक 28.08.2020 को हस्ताक्षर किए गए हैं।
- पीएसए पर हस्ताक्षर करने के बाद, विद्युत खरीद समझौते (पीपीए) भी 300 मेगावाट के लिए मेसर्स ईडन रिन्यूएबल पेसी प्राइवेट लिमिटेड के साथ और 380 मेगावाट के लिए अल्ट्रा ज़ेरगी पावर प्राइवेट लिमिटेड के साथ दिनांक 31.08.2020 को हस्ताक्षर किए गए हैं।
- दिनांक 25.08.2020 को फरीदाबाद जिला प्रशासन के साथ 'शिक्षित हरियाणा योजना'को संस्थागत बनाने के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए, जिसका लक्ष्य परियोजना प्रबंधन इकाई की स्थापना के माध्यम से फरीदाबाद में स्थित सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं के सुधार की दिशा में कार्य करना है।
- अगस्त महीने के दौरान, लाभार्थियों से कुल राजस्व 494.45 करोड़ रुपए (विचलन को छोड़कर) का संग्रह था।
- एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों द्वारा अगस्त 2020 के महीने तक 14828.1 मिलियन यूनिट कुल संचयी विद्युत उत्पादन किया गया है।

## मुख्य विशेषताएँ जुलाई 2020 के माह की

- एनएचपीसी "यूएमआरईपीपी के तहत ओडिशा में 500 मेगावाट की फ्लोटिंग सौर परियोजनाओं के विकास" के लिए ओडिशा में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में ओडिशा राज्य का एक अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम, ग्रीन एनर्जी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ ओडिशा लिमिटेड (जीईडीसीओएल) के साथ ने दिनांक 20.07.2020 को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए है। इसमें कुल अनुमानित निवेश 2500 करोड़ रुपए किया जाएगा ।
- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, निदेशक (परियोजनाएं) के साथ दिनांक 23.07.2020 से 24.07.2020 के दौरान सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा किया और कार्यों की प्रगति में तेजी लाने के लिए परियोजना प्रबंधन और प्रमुख संविदाकारों के साथ चर्चा की ।
- कैबिनेट सचिव ने 01.07.2020 को 850 मेगावॉट के रतले जल विद्युत परियोजना के कार्यान्वियन पर एक बैठक की। इस पर निर्णय इस महीने के अंत तक होने की आशा है।
- 400 मेगावाट स्थापित क्षमता के लिए अंतर्राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) ग्रिड कनेक्टेड फोटोवोल्टिक परियोजनाओं के लिए सौर ऊर्जा डेवलपर को लेटर ऑफ अवॉर्ड (एलओए) 09.07.2020 जारी किया गया। इससे पहले, 1600 मेगावाट के लिए एलओए जून 2020 में जारी किए गए थे।
- एनएचपीसी के निगम मुख्यालय को दिनांक 13.07.2020 को आईएसओ 9001: 2015 के तहत गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, आईएसओ 14001: 2015 के तहत पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली और आईएसओ 45001:2018 के तहत व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के लिए प्रमाणित किया गया है।

- एनएचपीसी द्वारा वन महोत्सव 2020-एक वृक्षारोपण अभियान के तहत दिनांक 11.07.20 को एनएचपीसी आवासीय कॉलोनी, फरीदाबाद में “अपना पेड़’ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद मिडटाउन के सहयोग से दिनांक 12.7.2020 को एनएचपीसी आवासीय कॉलोनी, फरीदाबाद में एक रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कोविड -19 स्थिति को देखते हुए यह प्रयास सराहनीय है।
- उदीयमान खिलाड़ियों के लिए एनएचपीसी स्पोर्ट्स स्कॉलरशिप के दूसरे बैच की पहली किस्त दिनांक 29.07.2020 को चयनित खिलाड़ियों को प्रदान दी गई।
- एनएचपीसी के नेतृत्व में केंद्रीय विद्युत क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा आरा, बिहार के सदर अस्पताल के लिए अपनी सीएसआर योजनाओं के तहत 25.63 लाख रुपए के मेडिकल उपकरण प्रदान किए गए।
- नीर शक्ति सदन, निगम मुख्यालय में ‘अनुभव केन्द्र’ का उद्घाटन 10.07.2020 को किया गया। ‘अनुभव केन्द्र’ एनएचपीसी की प्रोफ़ाइल और उसके संचालन को दर्शाता है।
- जुलाई महीने के दौरान, वाणिज्यिक विभाग द्वारा कोविड समय में लाभार्थियों से कुल राजस्व संग्रह 819 करोड़ रुपए (डेविएशन को छोड़कर) किया गया ।
- जुलाई 2020 के महीने मे एनएचपीसी की सभी पावर स्टेशनों की कुल संचयी विद्युत उत्पादन 11598.7 मिलियन यूनिट है।

## मुख्य विशेषताएँ जून 2020 के माह की

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने 12.06.2020 को उत्तर प्रदेश में सौर परियोजनाओं के विकास के बारे में प्रमुख सचिव, अतिरिक्त ऊर्जा विकास, उत्तर प्रदेश और अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा की।
- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने बीएसयूएल द्वारा बनाई जा रही 65 मेगावाट कालपी, 60 मेगावाट माधोगढ़ और 100 मेगावाट प्रतापगढ़ सौर परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।
- कंपनी के वित्तीय परिणाम 27.06.2020 को घोषित किए गए । एनएचपीसी ने 3007 करोड़ रुपये का अब तक का सर्वाधिक वार्षिक लाभ दर्ज किया ।
- नेपाल में संयुक्त रूप से जलविद्युत परियोजनाओं को विकसित करने के लिए हाइड्रो पावर इन्वेस्टमेंट एंड डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, नेपाल के साथ 22.6.2020 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- श्री तन्मय कुमार, आईएएस, संयुक्त सचिव, विद्युत मंत्रालय को 11.06.2020 से एनएचपीसी लिमिटेड के बोर्ड में सरकारी नामित निदेशक नियुक्त किया गया है ।
- दिनांक 29.06.2020 को अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याण संबंधी संसदीय समिति ने "रोजगार में अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व को सुरक्षित करने और विद्युत मंत्रालय के तहत पीएसयू और अन्य संगठनों में उनके कल्याण के लिए किए गए उपाय" की जांच की ।

- श्री सी.एम. रमेश, माननीय संसद सदस्य (राज्य सभा) ने 18.06.2020 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद का दौरा किया एवं आंध्र प्रदेश राज्य में सौर परियोजनाओं के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर उनके साथ चर्चा की गई।
- कार्मिकों की कैरियर में उन्नति की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए 658 पदोन्नति की गई।
- कुल 1600 मेगावाट संस्थापित क्षमता की अंतर्राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) ग्रिड से जुड़े फोटोवोल्टिक परियोजनाओं के लिए सौर ऊर्जा डेवलपर्स को कार्य पत्र (एलओए) सौंपा गया।
- “पार्वती- II जलविद्युत परियोजना के लिए 1500 मीटर हेड रेस सुरंग कार्यों के निष्पादन” के लिए कार्य अवार्ड किया गया।
- दिनांक 05.06.2020 को एनएचपीसी के सभी स्थानों पर विश्व पर्यावरण दिवस 2020 मनाया गया।
- कोविड-19 की महामारी के मद्देनजर “घर पर योग, परिवार के साथ योग’ थीम का अनुपालन करते हुए इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पूरे एनएचपीसी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2020 मनाया गया।
- एनएचपीसी ने वंचितों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को कोविड-19 से लड़ने हेतु खाद्य सामग्री, सूखा राशन पैकेट, मास्क आदि आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के लिए रेड क्रॉस सोसाइटी, फरीदाबाद को 2 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की।
- जून 2020 के महीने में एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी उत्पादन 8202.6 मिलियन यूनिट है।

## मुख्य विशेषताएँ मई 2020 के माह की

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय दिनांक 29.05.2020 को संघ शासित क्षेत्र लद्दाख में जलविद्युत और ग्रामीण विद्युतीकरण परियोजनाओं के विकास के लिए लद्दाख के माननीय उपराज्यपाल श्री आर.के. माथुर से मिले। माननीय उपराज्यपाल ने संघ शासित क्षेत्र लद्दाख में एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की और भविष्य में एन एच पी सी के सभी प्रयासों के लिए अपना पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया।
- सीईए ने 2880 मेगावाट दिबांग बहुदद्देश्यीय परियोजना (अरुणाचल प्रदेश ) की नकद लागत की जांच की है जिसमें बाढ़ नियंत्रण, आईडीसी और एफसी शामिल हैं।
- एनएचपीसी के बोर्ड ने निजी प्लेसमेंट के आधार पर एक या एक से अधिक श्रृंखला / किस्तों में सुरक्षित, प्रतिदेय, गैर-संचयी, गैर-परिवर्तनीय कर योग्य कॉर्पोरेट बॉन्ड जारी करने के माध्यम से 2020-21 के दौरान 2,000 करोड़ रुपये तक का ऋण जुटाने की मंजूरी दे दी है।
- एनएचपीसी के सभी स्थानों पर स्वच्छता पखवाड़ा दिनांक 16.05.2020 से 31.05.2020 तक तथा आतंकवादी विरोधी दिवस दिनांक 21.05.2020 को मनाया गया।
- मई, 2020 तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों की कुल संचयी विद्युत उत्पादन 4964 मिलियन यूनिट रहा है।

## मुख्य विशेषताएं- अप्रैल 2020

- महामारी कोविड -19 द्वारा उत्पन्न खतरों के मद्देनजर, हमारे पावर स्टेशनो, परियोजनाओं, संपर्क कार्यालयों / क्षेत्रीय कार्यालयों ने इस कठिन समय में जरूरतमंद लोगों को भोजन, चिकित्सा सुविधाओं और अन्य जीवन रक्षक आवश्यकताओं को पहुंचाने के लिए अपना पूरा सहयोग देते हुए देश भर के विभिन्न स्थानों पर कई टन आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया है।
- इस लॉक डाउन की अवधि में किशनगंगा पावर स्टेशन की यूनिट # 3 को जल्द पुन:स्थापन करते हुए 27.04.2020 को ग्रिड के साथ सफलतापूर्वक सिंक्रनाइज़ किया गया ।
- पार्बती- II जलविद्युत परियोजना की इकाई- I और II (200 मेगावाट प्रत्येक) को सीमित संसाधनों और लॉकडाउन के बीच क्रमशः 28.04.2020 और 29.04.2020 को आंशिक लोड पर ग्रिड के साथ जोड़ा गया।
- ऐसे समय में, जब व्यवसाय लॉकडाउन के कारण संघर्ष कर रहे हैं, एनएचपीसी ने 2.55 / 2.56 रुपए प्रति यूनिट के प्रतिस्पर्धी टैरिफ पर 2000 मेगावाट के सौर परियोजनाओं के लिए ई-रिवर्स नीलामी सफलतापूर्वक आयोजित किया।
- माननीय प्रधानमंत्री के 05.04.2020 के ‘9पीएम9मिनट’ पहल के दौरान राष्ट्रीय ग्रिड की स्थिरता बनाए रखने में एनएचपीसी के जलविद्युत पावर स्टेशनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- भारतीय संविधान के शिल्पकार, डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की 129वीं जयंती पूरे संगठन में सामाजिक दूरी के मानदंडों को बनाए रखकर मनाई गई।
- एनएचपीसी पावर स्टेशनों ने अप्रैल 2020 में 2027.04 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन किया।
- एनएचपीसी ने 6.8% की बेहद प्रतिस्पर्धी ब्याज दर पर बॉन्ड के निजी प्लेसमेंट के माध्यम से 750 करोड़ रुपये जुटाए ।
- कोविड -19 के खिलाफ लड़ने के लिए भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन करते हुए सुबनसिरी लोअर, पार्बती- II और पकल दुल जलविद्युत परियोजना पर निर्माण गतिविधियों को फिर से शुरू किया गया है।